आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

.....

रंगों का त्यौहार होली आज देश सहित पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहर के हर कोने में इस त्योहार को लेकर उत्साह और उमंग दिखाई दे रहा है। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने होली पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने संदेश में कहा कि यह त्यौहार खुशियां और उत्साह लेकर आता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्योहार सभी के जीवन में नया उत्साह और ऊर्जा लाएगा।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी इस अवसर पर प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

.....

होली पर्व को लेकर प्रदेश भर के बाजारों में खूब रौनक देखने को मिल रही है। इस बार कैमिकल युक्त रंगों के बजाय इको फ्रेंडली और आर्गनिक रंगों को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोलन जिले के अर्की में राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए प्राकृतिक रंग लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं।

इधर किन्नौर जिला के सांगला गांव में 3 दिवसीय होली उत्सव का आज अन्तिम दिन है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी आज जिला स्तरीय होली उत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे । इस उत्सव में होली सिर्फ रंगो से नहीं, बल्कि कथा संगीत व नृत्य के अनोखे संगम से मनाई जाती है ।

.....

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत चम्बा जिला की सभी ग्राम पंचायतों में योजना को पूरा करने के लिए 19 हजार 81 पात्र परिवारों का सर्वेक्षण के माध्यम से चयन कर लिया गया है और बाकि के कार्य को भी 31 मार्च तक संपन्न करवा लिया जाएगा।

.....

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कहा है कि कल शनिवार को होने वाली कक्षा 12 की परीक्षाएं देश के विभिन्न हिस्सों में होली के बावजूद तय समय पर ही आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि हिंदी कोर और हिंदी वैकल्पिक विषयों के लिए कक्षा 12 की परीक्षाएं निर्धारित तिथि पर ही आयोजित की जाएंगी। जो छात्र 15 मार्च को परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे, उन्हें

राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए आयोजित विशेष परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा।

.....

इस बीच रियासतकाल से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए छोटी काशी मंडी के लोगों ने कल एक दिन पहले होली का त्योहार बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया।

.....

युवा कार्य और खेल मंत्रालय ने खेलों में आयु संबंधी धोखाधड़ी के विरुद्ध राष्ट्रीय संहिता 2025 के मसौदे पर लोगों और हितधारकों से प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। इसका उद्देश्य आयु धोखाधड़ी को कम करना, वास्तविक एथलीटों की रक्षा करना है। यह आयु रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के दोषी पाए जाने वाले एथलीट, कोच और अधिकारियों पर कठोर दंड लागू करेगा।